मेरा नाम डॉ लीना अडिनोल्फी है, और मैं अंग्रेजी भाषा शिक्षण में लेक्चरर हूँ.

मेरा ऑडियो ब्लॉग व्यापक पैमाने पर एक अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण योजना, TESS-India के स्थानीय 'ओनरशिप' को सक्रिय करने की प्रक्रिया की व्याख्या करता है.

पारम्परिक शिक्षक प्रशिक्षण के उपक्रम या तो छोटे पैमाने पर कार्यान्वित किये गए हैं, या तो एक व्यापक, अक्सर 'टॉप-डाउन', 'वन-साइज़-फिट्स-ऑल' पैमाने पर.

TESS-India के मूल में बहु-प्ररूपी, मल्टीमीडिया शिक्षक प्रशिक्षण के 'ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज' (OER) के सात विषय-सम्बंधित संग्रह हैं, जो ओपन यूनिवर्सिटी और भारतीय शिक्षाशास्त्रियों की सहयोगी सह-लेखन प्रक्रिया का परिणाम हैं.

यह योजना एक हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य वर्तमान ढांचों और उपक्रमों के लिए उपयुक्त बनने का है.

डिजिटल शिक्षा सामग्री के 'एक्सेस' को बेहतर बनाने में OER की भूमिका के बारे में काफी लिखा जा चुका है, पर इस बारे में कम कि कैसे इन संसाधनों को पुनः-संस्करणीकृत किया जा सके, ताकि वे भिन्न सन्दर्भों में अपने 'एन्ड-यूजर' (अंतिम उपयोगकर्ताओं) के लिए अर्थपूर्ण बनाए जा सकें.

इसलिए चुनौती यह थी कि कैसे, उनकी शिक्षा-विषयक अखंडता को बनाए रखते हुए, १२५ TESS-India OER के संग्रह के समायोजन और स्थानीय 'ओनरशिप' को प्रोत्साहित किया जाए.

इसमें स्थानीयकरण की एक प्रक्रिया शामिल थी - प्रोजेक्ट राज्यों के विभिन्न भाषा-सम्बन्धी, भौगोलिक और सांस्कृतिक सन्दर्भों के अनुरूप, ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज के स्वीकृत अंग्रेजी संस्करणों का पुनः-संस्करण.

यह बताया जाना चाहिए कि सात भाग लेने वाले राज्यों में से, चार (राज्यों) ने अलग-अलग भाषाओं का प्रयोग किया और दूसरे तीन (राज्यों) ने हिंदी के तीन प्रकारों का प्रयोग किया.

इस औद्योगिक पैमाने पर स्थानीयकरण की प्रक्रिया में विषय-विशेषज्ञों की राज्य-आधारित टीमों की स्थापना शामिल थी, और इस (प्रक्रिया) के दो अवयव थे: अनुवाद और अनुरूपण.

इनमें लोगों के नाम, स्थान, पेड़-पौधे, त्यौहार, कलाकृतियां, छवियाँ, और पाठ्यक्रम के पहलू शामिल थे.

हर राज्य की स्थानीयकरण टीम के साथ, और ओपन यूनिवर्सिटी की सहायता के साथ, एक प्रारंभिक राज्य-आधारित 'वर्कशॉप' के साथ यह प्रक्रिया शुरू हुई.

कैसे आगे बढ़ें, इसका निर्णय टीमों को खुद करने के लिए छोड़ दिया गया.

इसके अंतर्गत था - कार्यों का निर्धारण, कार्यपद्धति पर सहमत होना, स्वीकृत पारिभाषिक शब्दों का शब्दकोश, और किन भौगोलिक और सांस्कृतिक पहलुओं का अनुरूपण हो, इस बात पर सहमत होना.

अंततः, स्थानीय संस्करणों की समीक्षा करने और उन्हें परिष्कृत करने के लिए एक 'क्वालिटी अश्योरेंस' (गुणवत्ता आश्वासन) 'प्रोटोकॉल' पर टीमें सहमत हुईं.

समापन के समय राज्य-विशिष्ट सात स्थानीय संस्करणों को अंग्रेज़ी (संस्करण) के साथ TESS-India की वेबसइट पर अपलोड किया गया.

तत्पश्चात, योजना की निर्देशक और मैंने स्थानीयकरण की प्रक्रिया से सम्बंधित डॉक्यूमेंटेशन और इंटरव्यू डाटा की जांच की.

उदाहरण के लिए, हमने इस प्रक्रिया की ओनरशिप को सक्रिय करने के महत्व को नोट किया, जो हर राज्य के द्वारा अपनाए गए विभिन्न अप्प्रोचेस (दृष्टिकोण/युक्तियों) के प्रति उदार-चित्त होकर किया गया.

इसमें अनुवाद और अनुरूपण के लिए विभिन्न अप्प्रोचेस शामिल थे.

कभी-कभी ये अलग-अलग किए गए, कभी-कभी ये साथ-साथ किए गए.

भौतिक कार्य वातावरण भिन्न थे, कुछ प्रतिभागी अलग-अलग थे, और दूसरे प्रतिभागी एक ही कक्ष में काम कर रहे थे.

कुछ टीमें 'हार्ड कॉपी' (कागज़ी प्रतियों) पर काम कर रही थीं, दूसरी टीमें ऑनलाइन काम कर रही थीं.

संपर्क बनाए रखने के लिए टीमों ने सोशल मीडिया का भी अलग तरीकों से उपयोग किया.

हमने स्थानीय संस्करणों में अनुवाद की महत्त्वपूर्ण भूमिका को पहचाना.

बहुत काम भौगोलिक और सांस्कृतिक अनुरूपण किए गए.

संभव है कि अनुवाद के अतिरिक्त सामग्रियों के अनुरूपण के प्रति ऐसी अनिच्छा का कारण हो कि, प्रतिभागियों के दृष्टिकोण से, UK-India की सहभागिता से ये प्रादेशिक सामग्रियां, हर राज्य के लिए अतिरिक्त स्थानीय परिवर्तन की आवश्यकता की बिना ही, भारत के विस्तृत सन्दर्भ के लिए पर्याप्त रूप से उपयुक्त थीं.

ऐसे परिवर्तन करने के लिए प्रतिभागियों में अनुभव और आत्मविश्वास का अभाव भी हो सकता था.

एक और संभावना यह है कि स्थानीयकरण की प्रक्रिया में सहायता देने के लिए जो 'ग्रिड' उपलब्ध कराए गए, वे वास्तव में अत्यंत सीमित थे.

हालांकि, एक और संभाव्य कारण यह तथ्य हो सकता है कि इस प्रक्रिया में कागज़ी अभ्यास और वास्तव में 'एन्ड-यूज़र्स' के साथ 'इन-सीटू' इन सामग्रियों का उपयोग करने में मेल नहीं था.

इन टिप्पणियों के बावजूद, स्थानीयकरण की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप कई लाभ देखने में आए.

सहभागिता के लिए नए प्रकार के कम्युनिकेशन प्रयोग में लाए गए, नए स्किल्स का विकास हुआ, और अधिक महत्त्वपूर्ण बात है, इस प्रक्रिया में ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज के साथ और गहरी 'इंगेजमेंट' और उनके मूल में जो शिक्षणशास्त्रीय सिद्धांत हैं, उनकी और अधिक 'अंडरस्टैंडिंग' शामिल थी.

इस प्रकार, व्यक्तिगत और सामूहिक 'प्रोफेशनल एजेंसी' के योगदान के परिणामस्वरूप, वास्तविक रूप में एक 'ओनरशिप' की भावना आई.

स्थानीयकरण की प्रक्रिया पर चिंतन का समापन मैं इस बात से करना चाहूंगी कि, इतने व्यापक स्तर पर और इतनी तंग समय सीमा के भीतर, स्थानीयकरण करने में सारी राज्य-आधारित टीमों की असाधारण स्तर की लगन और निष्ठा से मैं कितनी ज़्यादा प्रभावित हुई.

इसका परिणाम यह हुआ कि राज्यों के 'सेट्स' के बीच अपेक्षाकृत बहुत कम अंतर होने पर भी वे इन सामग्रियों को अपना बना सके.

अंततोगत्वा, OER के पूर्ण रूप से भाषा-सम्बन्धी, भौगोलिक और सांस्कृतिक स्थानीयकरण और समायोजन तभी संभव है जब ये 'एन्ड-यूज़र्स' के साथ प्रयोग में लाए जाएँ, भले ही वे शिक्षक हों या शिक्षक प्रशिक्षक.

जैसे-जैसे OER और अधिक विशिष्ट राज्य शिक्षक प्रशिक्षण योजनाओं में जड़ जमाते हैं, यह आगामी स्थानीय पुनः-संस्करण की संभावनाएं प्रस्तुत करती है.